स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं प्रेरित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

SBI RSETI (Rural Self Employment Training Institute) द्वारा दिनांक 6/10/2020 से 15/10/2020 तक जनपद उत्तरकाशी के घर लौटे प्रवासियों को स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं प्रेरित करने के लिए विभिन्न विषयों पर जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनांक 07/10/2020 से 12/10/2020 तक डॉ. सुनीता भट्ट (प.चि.अ. सचल) द्वारा मुख्यत: बकरी पालन पर प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बकरियों की प्रजातियों,बकरी प्रजनन,लोकल बकरी नस्ल सुधार, बकरी खान पान, प्रबंधन, बकरी के बच्चे की देखभाल,बकरी बाड़े में स्वच्छता,बकरियों में बीमा,बकरी सहकारिता समिति के विषय में एवं बकरी संबंधी विभागीय योजनाएं के बारे में संपूर्ण जानकारी दी गई।कार्यक्रम में SBI के श्री जगत राणा भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 प्रवासी युवाओं ने प्रतिभाग किया एवं लाभान्वित हुए।